दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रात: कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्ष :-04

अंक:-260

मुरादाबाद

10 January 2025

(Friday)

पृष्ठ:-08

मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

'भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है', 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम मोदी ने दिया मंत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहारों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है। मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल, लोहड़ी जैसे त्योहार आने वाले हैं। हर जगह आनंदमय वातावरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी इस विरासत का ये वही बल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है, जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं, आपसे बातचीत करता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है, वो भूल नहीं सकता हूं। आपका प्यार, आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहता है। हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं, हमारा जीवन ही विविधता प्रदान करता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं। भारतीय जहां भी जाते हैं,

वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत का हर सेक्टर आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है। भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पॉइंट तो मजबूती से कायम है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है।प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई-प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ट्रेन ने सफर शुरू किया। यह ट्रेन प्रवासी भारतीयों को तीन सप्ताह तक देशभर के कई पर्यटक और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी। वैश्विक युग में प्रवासी समुदाय का महत्व प्रत्येक वर्ष के साथ बढ़ता गया-इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हर 2 साल में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के माध्यम से विदेशों में रहने वाले भारतीय अपने देश में हो रही प्रगति और विकास को देख पाते हैं, अनुभव कर पाते हैं। आप सभी न केवल अपने जीवन की उपलब्धियों पर गर्व कर करते हैं, बल्कि विदेशों में हमारे लिए बढ़ते सम्मान का भी अनुभव करते हैं। वैश्विक युग में प्रवासी समुदाय का महत्व प्रत्येक वर्ष के साथ बढ़ता गया है। विकसित भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों का योगदान-ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि इस बार प्रवासी भारतीय दिवस की थीम विकसित भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। आज मैं ओडिशा की धरती से सभी का अभिवादन करता हूं।

संक्षिप्त समाचार

माता-पिता के बीच विवाद के चलते नाबालिग का अधिकार नहीं छीन सकते, उच्च न्यायालय का आदेश

न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बारे में बताया गया है और इसमें विदेश यात्रा का अधिकार शामिल है और किसी भी व्यक्ति को कानूनी प्रक्रिया के तहत ही उसके अधिकार से वंचित किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लड़की के पिता ने किसी अदालत से कोई आदेश नहीं लिया है। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा है कि माता-पिता के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद के चलते नाबालिग का पासपोर्ट हासिल करने और उसके विदेश यात्रा करने के अधिकार को नहीं छीना जा सकता। उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक मामले में यह आदेश दिया, जिसकी प्रति गुरुवार को उपलब्ध हुई। उच्च न्यायालय ने पुणे क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) को 17 वर्षीय लड़की को दो सप्ताह के भीतर पुराने आवेदन पत्र पर ही पासपोर्ट जारी करने का निर्देश दिया। दरअसल पुणे पासपोर्ट कार्यालय ने नवंबर 2024 में लड़की की मां को एक पत्र भेजा, जिसमें कहा गया था कि उनकी बेटी के पासपोर्ट आवेदन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी क्योंकि लड़की के पिता ने इस पर आपत्ति जताई और सहमति देने से इनकार कर दिया। नाबालिग लड़की के माता-पिता के बीच विवाद चल रहा है और दोनों तलाक ले रहे हैं। इसके खिलाफ नाबालिग लड़की ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। सहमति देने से इनकार कर दिया है।

तिरुपति भगदड़: बैकुंठ द्वार दर्शन के टोकन के लिए उमड़ी थी श्रद्धालुओं की भीड़; हादसे पर पीएम-सीएम ने जताया दुख

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताया है। एन चंद्रबाबू नायडू ने छ्त्रक्क ञ्ञ्ष्ठ श्व्ह्, जिला कलेक्टर, स्क्क के साथ भगदड़ की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं की जान जाना बेहद दुखद है।आंध्र प्रदेश के

तिरुपति मंदिर में बुधवार देर शाम भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं, घटना में करीब 40 लोगों के घायल होने की भी खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के सीएम चंद्रबाबू नायडू समेत कई लोगों ने इस घटना पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताया है। सीएम नायडू आज सुबह तिरुपति का दौरा भी करेंगे। इस बीच, टीटीडी (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के कार्यकारी अधिकारी श्यामला राव ने मामले की जांच की बात कही है।एक तीर्थयात्री की हुई पहचान-वहीं, टीटीडी (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के अध्यक्ष बीआर नायडू ने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। जिसमें से अब तक, केवल एक तीर्थयात्री की पहचान की गई है। अन्य की पहचान की जानी बाकी है। उन्होंने कहा कि एन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू घटना को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने टेलीकांफ्रेंस के दौरान अधिकारियों से प्रबंधन को लेकर नाराजगी जताई है। वे आज सुबह 11¬45 बजे मृतकों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। बीआर नायडू ने बताया कि वे इस हादसे की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने जताया हादसे पर दुख-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुपति मंदिर में हुए हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए लिखा, आंध्र प्रदेश के तिरूपति में भगदड़ से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। आंध्र प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।%राहुल गांधी ने शोक जताया -वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस हादसे पर दुख जाहिर किया है। उनहोंने कहा कि आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में भगदड़ बेहद दुखद है। साथ ही राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इस कठिन समय में हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुपति में भगदड़ बेहद दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कैसे हुआ हादसा-पुलिस के मुताबिक, सैकड़ों श्रद्धालु तिरुमला हिल्स पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए टोकन लेने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे, उसी दौरान भगदड़ मच गई। दरअसल 10 जनवरी से शुरू हो रहे 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने बृहस्पतिवार की सुबह से दर्शन टोकन जारी करने की व्यवस्था की थी। इसी के चलते बुधवार शाम से ही श्रद्धालुओं ने कतार लगाना शुरू कर दिया था। अलीपिरी, श्रीनिवासम, सत्यनारायणपुरम और पद्मावतीपुरम में भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई थी। पुलिस ने हादसे के दौरान कुछ महिला श्रद्धालुओं को सीपीआर देने और घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस में ले जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। चश्मदीद ने बताया कैसे हुई भगदड़-मंदिर में भगदड़ को लेकर मौके पर मौजूद एक महिला ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जैसे ही पुलिस अधिकारियों ने गेट खोला, तीर्थयात्री टोकन खरीदने के लिए दौड़ पड़े। पहले टोकन प्राप्त करने के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार के छह लोग भी घायल हो गए हैं। हम 11 बजे से कतार में लगे थे। हमें दूध और बिस्कुट दिए गए थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले केजरीवाल, कहा- प्रवेश वर्मा के घर हो रेड; खुलेआम बांट रहे 1100

केजरीवाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले और चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी में उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के घर पर तुरंत रेड करने की बात कही है। केजरीवाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर किया जाए। यूपी-बिहार से लाकर बनाए जा रहे फर्जी

वोटर चुनाव आयुक्त से मिलकर बाहर आने पर प्रेस से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा जॉब कार्ड बनवा रहे हैं। यूपी-बिहार से लोगों को लाकर फर्जी वोटर बनवाए जा रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 13 हजार नए वोटर कैसे बने, बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है। प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। आप ने मुझे देशद्रोही कहा, जाटों का अपमान किया-वहीं प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने मुझे देशद्रोही कहा और जाटों का अपमान किया। दिल्ली में पहली बार जाट मुख्यमंत्री पूजनीय डॉ. साहिब सिंह जी को भाजपा ने ही बनाया था। मुझे देशद्रोही कहा, देशभक्त जाटों का अपमान किया और अब जब नई दिल्ली की सीट खिसकती दिखी, तो जाट आरक्षण का नाटक करने लगे। अरविंद केजरीवाल जी, जाट समाज आपकी सियासी चालों को बखूबी समझ चुका है। अब नई दिल्ली की सीट छोड़कर भाग मत जाना। इस बार जाट के हत्थे चढ़ गए हो, पूरी नई दिल्ली की 36 बिरादरी आपकी जमानत जब्त कराने के लिए तैयार है। और हां, हर बार जाटों को आरक्षण भाजपा ने ही दिया। इतिहास के पन्ने उठा कर देख लो।

'अखिलेश यादव ने सबसे ज्यादा दलितों को नुकसान पहुंचाया, योजनाओं से डॉ. आंबेडकर का नाम हटाया'

विधान परिषद सदस्य और उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि सपा सरकार के दौरान योजनाओं के नाम से डॉ. आंबेडकर का नाम हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सबसे ज्यादा दलितों का नुकसान किया।यूपी के विधान परिषद सदस्य और उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मौजूदा समय में सियासी दल डॉ आंबेडकर के नाम पर दलितों को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सबसे ज्यादा दलितों का नुकसान सपा सरकार में किया गया। अखिलेश यादव ने स्मारकों और योजनाओं से बाबा साहब का नाम हटाने का काम किया है। वो बृहस्पतिवार को वीवीआईपी अतिथि गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रति समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के दृष्टिकोण में बड़ा अंतर है। जहां अखिलेश यादव ने अपने शासनकाल में डॉ. आंबेडकर के नाम को योजनाओं और स्थलों से हटाने का कार्य किया, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबासाहब को घर-घर पहुंचाने और उनके विचारों को जन-जन तक प्रचारित करने का कार्य किया।डॉ. निर्मल ने अखिलेश यादव को डॉ. आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल में बाबा साहब के नाम को योजनाओं और संस्थानों से हटाना प्राथमिक कार्यों में शामिल रहा। उन्होंने बताया कि आंबेडकर ग्राम विकास योजना से फ्रडॉ. आंबेडकरफ्र का नाम हटाया गया। लखनऊ के डॉ. आंबेडकर हरित उद्यान का नाम बदलकर जनेश्वर मिश्र पार्क कर दिया गया।रामपुर के डॉ. आंबेडकर तारामंडल से बाबा साहब का नाम हटाया गया। इसके अलावा डॉ. आंबेडकर मेडिकल कॉलेज, कन्नौज का नाम बदल दिया गया। अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, लखनऊ से बाबा साहब का नाम हटाकर उसे आलमबाग बस अड्डा कर दिया गया। वहीं, भीमनगर (संभल) का नाम विलोपित किया गया। रमाबाई आंबेडकर नगर (कानपुर देहात) से रमाबाई का नाम हटाकर इसे सामान्य नाम दे दिया गया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने डॉ. आंबेडकर को घर-घर पहुंचाया। डॉ. निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहब को सम्मान देने और उनके विचारों को प्रचारित करने का कार्य प्राथमिकता से किया। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2017 में योगी सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ. आंबेडकर की तस्वीर लगाना अनिवार्य किया।कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम पुनः डॉ. आंबेडकर मेडिकल कॉलेज कर दिया गया। लखनऊ के ऐशबाग में भारत रत्न डॉ. आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें एक भव्य प्रेक्षागृह, पुस्तकालय, अतिथि गृह, और शोध केंद्र शामिल हैं। इसी स्मारक में डॉ. आंबेडकर की 25 फीट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। डॉ. निर्मल ने कहा कि अखिलेश यादव ने जहां बाबा साहब के नाम को मिटाने का काम किया, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहब को घर-घर तक पहुंचाने और उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया। योगी आदित्यनाथ आज के दलित मित्र हैं, जिन्होंने डॉ. आंबेडकर के विचारों को पुनः स्थापित किया।

संपादकीय Editorial

Naxalism is still alive

Union Home Minister Amit Shah has been repeatedly claiming that Naxalism will be wiped out by March 2026. The sacrifices of our brave soldiers will not go in vain in this fight. Naxalism is kneeling down, Naxalites are surrendering. A day will come when not even a name of Naxalism will be left. The country wants the Home Minister's claim to come true one day, because Naxalism is also a special kind of terrorism, but the way Naxalites have 'martyred' 8 soldiers and a driver by detonating an IED in Ambeli village of Bijapur district of Chhattisgarh is a soul-stirring attack. This is the biggest, deadliest attack after April 2023 and the first deadly attack of 2025. 10 policemen were 'martyred' by an IED blast on April 26, 2023 in Dantewada area of ????Chhattisgarh. This time the security forces were returning after killing 5 Naxalites in a successful operation in the Abujhmad forest. However, the 'road opening party' was clearing the road. There were some other vehicles in the convoy, which went on an alternate route. The Naxalites targeted a vehicle and the vehicle was blown to pieces in the explosion. It is said that about 70 kg of explosives were used in the attack. Therefore, a very important and serious question is why the 'road opening party' could not see and catch so many explosives? If the road had been cleared seriously, the explosive could have been caught and it could have been neutralized. This was clear negligence, ignorance, which took the lives of our soldiers. Now once again the debate will start that why the movement of security forces cannot be done through air flight instead of road? This question was also raised after the Pulwama (Kashmir) terrorist attack in February, 2019, in which 40 of our security personnel were 'martyred'. This time the explosion in Bijapur district was so powerful that the parts of the vehicle were scattered up to 400 meters away. A part of the vehicle was found hanging on a tree about 30 feet away. A crater about 10-12 feet deep and wide was formed at the spot itself. The bodies of the soldiers were also mutilated. The Naxalites escaped after the explosion. As soon as the explosion took place, the soldiers of the road opening party took charge, but martyrdom had already happened. This attack itself proves that Naxalism is still alive. Their strategy is proving to be effective. They have weapons and killer explosives, so the question is how is it possible to completely eliminate Naxalites by 2026? Last year in 2024, 287 Naxalites were killed, about 1000 were arrested, 837 surrendered, but our soldiers have also been 'martyred'. This is a matter of concern for us. Naxalism is still present in 30 districts of the country. Out of these, 8 districts are from Chhattisgarh. Dantewada and Bastar regions have been considered the strongholds of Naxalites. About 94 percent of the incidents and deaths due to Naxalism occur in these districts. The soldiers who were martyred in this attack belonged to the District Reserve Guard. This is a unit of the state police, but we also remember those incidents when on April 6, 2010, Naxalites killed 76 CRPF soldiers in a single attack.

KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

Tibet earthquake a warning for North India

The Himalayan region of India has always been highly affected by earthquakes due to its geological structure and the residents here often have to face the dangers of earthquakes. In the first week of the new year, an earthquake of about 7 magnitude occurs in Shigatse region of Tibet and its fear tremors are felt in North India and especially in the Himalayan states. This earthquake is a warning for North India and especially in the Himalayan states. The fear of earthquake is more in the Himalayan states because, in terms of seismic sensitivity, this region falls in Zone 5 and Zone 4, which are considered to be the most sensitive. Earthquake scientists have already warned that except Nepal, Himalayan India has not experienced a major earthquake of 8 magnitude for more than 100 years, due to which a lot of geological energy has accumulated inside the earth which can come out anytime with a very severe earthquake. This explosion of geological energy or earthquake can be of 8 or more magnitude on the Richter scale which can be very destructive. Since it cannot be stopped, the guarantee of safety lies in caution, vigilance and awareness. If you look at the website of the National Seismological Center, it mentions that on 8 January alone, 24 earthquakes of 2.8 to 4.9 magnitude were recorded in Sikkim. The same number of earthquakes were recorded in Sikkim on 7 January too. From January 1 to January 8 this year, dozens of earthquakes were recorded in Manipur, Doda in Himachal Pradesh, Singrauli in Madhya Pradesh and Kutch in Gujarat. According to a statement given by Earth Sciences Minister Kiren Rijiju in the Lok Sabha on December 6, 2023, the number of earthquakes in North India and Nepal is continuously increasing and the main reason for this is the activation of the Almora Fault in western Nepal. Scientists already keep warning of danger around faults like MCT. The Indian subcontinent is colliding with the Eurasian plate - The Himalayan region of India has always been highly affected by earthquakes due to its geological structure and the residents here often have to face the dangers of earthquakes. It is known that the Himalayan region is one of the most sensitive places on Earth from a physical point of view. The Himalayas are considered to be the youngest and most fragile mountains. This region is located between the Eurasian and Indian plates, where both the plates collide with each other. This collision is one of the main causes of earthquakes. According to geological history, the Indian subcontinent was originally an island that collided with Asia about 50 million years ago and in the process the Himalayas were formed. This collision caused intense pressure and stress on the surface of the earth, which still causes earthquakes. The collision of the Indian and Eurasian plates continues and results in the generation of large amounts of geological energy, which suddenly shakes the surface of the earth in the form of earthquakes. The Himalayan region is located at a very high altitude, where the structure of the land is constantly changing. Earthquakes cause upheaval in the structure of these mountains. Mining, hydroelectric projects, and other construction activities in hilly areas can also stimulate seismic activities. These activities increase the pressure inside the earth, which can cause earthquakes. The tremendous energy stored inside the earth can be released - There has been no major earthquake (of 8.0+ magnitude) in Uttarakhand and the Himalayan region for more than 100 years. The last major earthquake of 8.0 magnitude in the Himalayan region occurred in 1934 (Nepal-Bihar earthquake) and 1950 (Assam earthquake). This situation is called "seismic gap". According to geologists, a large amount of geological energy is being accumulated due to this gap. Due to this energy not being released for a long time, the possibility of a major earthquake in the future has increased. If seen in historical perspective, the Garhwal earthquake occurred in 1803 whose magnitude was more than 7.5 and it caused widespread devastation. After that, there was a terrible famine in Garhwal. After this, the Kangra earthquake occurred in 1905 whose magnitude was 7.8, which also caused great devastation in the Himalayan region. The magnitude of the Assam-Tibet earthquake of 1950 was 8.6. This was the largest earthquake recorded in the Himalayas, but Uttarakhand remained safe from it. Garhwal and Kumaon regions of Uttarakhand have remained untouched by a major earthquake for almost 100 years, due to which scientists believe that so much geological energy has accumulated due to this "seismic gap" that if released all at once, it can be more destructive than many nuclear bombs. Therefore, keeping in view the future dangers, the use of earthquake-resistant techniques and disaster management preparations are extremely necessary. Caution and vigilance are the biggest protection - although earthquake is a natural phenomenon that cannot be stopped. Not only this, it is not possible to predict an earthquake at present. The biggest way to avoid it is to learn to live with nature. Earthquake does not kill anyone. The one who kills is our house or building which we build for our safety and convenience. If the structure of the building is made earthquake-resistant, then the loss of life and property can be reduced. For this, we should learn a lesson from Japan. The Government of India has implemented construction standards like "Indian Standard 1893", which is an important step towards the construction of earthquake-resistant structures. Apart from this, some seismic activities are predicted through various scientific research. This can be done. For this, satellites and other modern technologies can be used. It is important to strengthen the seismic network in India and develop related warning systems. It is extremely important for citizens to know how they should react in case of an earthquake. Regular training and exercises should be conducted in schools, offices and communities regarding earthquake safety. Apart from this, anti-earthquake kits like water, food, first aid materials and other essential items should be kept ready. The strength of roads, bridges and other important infrastructure in the Himalayan regions should be increased so that their collapse or damage during an earthquake is reduced. Also, attention should be paid to the repair and reconstruction of old structures.

Comfort for the old at the margins

The content of comfort and the age gap, life is in trouble at this age. The statistics of social security in Himachal are quite good, but the claws of society are hurting the old. There is no comfort anywhere, the elderly are getting imprisoned in the jungle of development. While upgrading the tourist resorts and tourism projects in the resorts, we are forgetting that the destinations of life are achieved on the paths of peace in the simplicity of the mountains. Is Himachal increasing the protection and comfort of the senior citizens or has the encroachment of development taken away this courtesy as well. Of course, by adopting some orphan children, Sukhu Sarkar has become Sukhashray Sarkar and the recognition of this responsibility is getting a new color every day, the future is being tested in day boarding schools for the education of children, but where is the place for the elderly. Of course, in the name of senior citizens, some posters may be found pasted in the mute corridors of hospitals or there may be indications to sit on the worn out seats of HRTC buses, but neither the shoulders of the society nor the intentions of development are able to sympathize with the old people on the margins of age. The surprising scenario is where the progress of Himachal has lost the duty of seniority in the harmony of society. This is the condition from the threshold of the village to the steps of the city. After all, when and where will the old age lost in solitude get such assurance that peace is assured for them at the place. That is, in today's situation, every city and village should have a park or community ground where the elderly can spend a few hours in peace. Concepts like wellness centers give assurance, but these will not give rise to social culture. There is no nature of giving a shoulder of comfort to the elderly in any scheme of the local bodies. As a result, the senior citizens are being robbed of their place amidst the increasing vehicles and new construction. The most peaceful moments for an elderly citizen can be found in a park, but in Himachal, the efforts in this direction are nominal. The middle class of the state has become like a house, where it becomes a wall of the society by adding bricks to all the demands of age. Of course we have progressed. Our schemes have changed the words of progress by working hard, but in this list, retired citizens are not allowed to take a walk even a few steps. There are no clubs where senior citizens can share their sensitivity and the height of experience. More or less, even children are not getting community grounds now. During this time, bicycle showrooms have increased, but there is no place for children to cycle. Wealth cannot always be useful for the protection of the elderly, but for the protection of advancing age, facilities like parks are needed to find maximum comfort. There is a need for such changes in the urban transport system that can take senior citizens to their destination. In the banking market, the person who has been saving his salary, his hard work, his earnings and his savings throughout his life, needs an arrangement to touch his own accounts. Former Transport Minister Late GS Bali had driven taxis in Shimla. Will such treatments for the elderly be introduced in the traffic-congested cities of HRTC's transport fleet? Among the 70 lakh population of Himachal, there are at least 20 lakh people who want to experience life with the comfort of senior citizens. Many elderly people are locked alone in bungalows, apartments or houses because their children are busy with the compulsions and busyness of the metropolis in search of jobs. In such a situation, this loneliness needs moments of public peace, which will be available in a safe park outside all the walls. The government should first of all build at least four community grounds in every city. Apart from this, the campuses of the educational institutions that are being closed should be converted into child and elderly welfare centers, where the feeling of living throughout the day can be enriched. Apart from this, a place or a roof in the proposed day boarding school campuses will have to be reserved for senior citizens and a curriculum of living will have to be developed for them. By building traffic-free corridors or mall roads in cities as well as villages, a safe area for walking can be provided to the elderly, children and women of the state.

लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिले कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह, क्षेत्र के 17 संपर्क मार्गों की मरम्मत कराने की मांग

मुरादाबाद- लखनऊ में को कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

उनसे अपने क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 संपर्क मार्गों की मरम्मत कराने का अनुरोध किया कुंदरकी विधायक ने मुख्यमंत्री को 17 संपर्क मार्गों की सूची दी। बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में 17 संपर्क मार्ग जिसमें ग्राम दोलारी से नवाबपुरा तक, हवाई अड्डा संपर्क मार्ग से भदासना तक, लोनिवि रोड से ग्राम समदा तक सहित अन्य गांवों के संपर्क मार्ग शामिल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इन संपर्क मार्गों के जर्जर होने से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आग्रह किया कि इन संपर्क मार्गों की विशेष तौर पर मरम्मत कराने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेश दें। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जल्द ही इन संपर्क मार्गों की मरम्मत का कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है। मुलाकात के दौरान भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे।

मुरादाबाद पुलिस ने 12 घंटे में ढूंढ निकाला लापता बच्चा, मां की डांट से नाराज होकर पहुंचा था रोहतक

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र से बुधवार को लापता हुए 11 साल के बच्चे को मुरादाबाद पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला। मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए रातभर 10 से ज्यादा टीमों को गठित कर दौड़ाए रखा। एसएसपी खुद तड़के चार बजे तक इस केस की मॉनीटरिंग करते रहे। बच्चे की लोकेशन मिलने के बाद ही पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस ने मुरादाबाद के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से लेकर सहारनपुर तक 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को फिल्टर किया। लापता हुआ बच्चा मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार का नक्श कुमार पुत्र निपेंदर कुमार था, जिसको पुलिस ने रोहतक से सकुशल बरामद किया है। नक्श ने बताया कि मां अमृता रानी ने उसको किसी बात पर डांट दिया था, जिसको बाद वह घर से नाराज होकर निकल गया था। फिर मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचा और अमृतसर जाने वाली ट्रेन में बैठ गया था, इसके बाद वह सहारनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और फिर वहां से रोहतक चला गया था।

कोर्ट में पेश हुईं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा, बोलीं-वक्त जरूर बदला है, लेकिन महिलाओं के लिए इंसाफ पाना आसान नहीं

मुरादाबाद- रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा गुरुवार को मुरादाबाद कोर्ट में हाजिर हुईं। तारीख पर नहीं आने की वजह से उनके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। कोर्ट में हाजिर होने के

बाद जयाप्रदा ने कहा- वक्त जरूर बदला है, लेकिन महिलाओं के लिए इंसाफ पाना अभी भी इतना आसान नहीं है। इसके लिए संघर्ष और इंतजार दोनों करने पड़ते हैं। जयाप्रदा ने कहा कि सीता मैया को भी 14 साल का इंतजार करना पड़ा था। जमाना बदल गया है, लेकिन महिलाओं के लिए सम्मान की लड़ाई लड़नी हो तो संघर्ष और इंतजार तो करना ही पड़ता है। लेकिन, मैं हार मानने वाली नहीं हूं। मेरे ऊपर अभद्र टिप्पणी करने वाले आजम खां के 6 चेलों, उनके बेटे अब्दुल्ला और मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन को सिखाकर रहूंगी कि महिलाओं का सम्मान कैसे किया जाता है। एसटी हसन ने जयाप्रदा को मंच से तवायफ कहा था। मामला 2019 का है। जयाप्रदा ने रामपुर से आजम खां के खिलाफ चुनाव लड़ा था। लेकिन, वो चुनाव हार गई थीं। आजम खां चुनाव जीतकर सांसद बने थे। उसी वक्त मुरादाबाद से सपा के टिकट पर डॉ. एसटी हसन चुनाव जीतकर एमपी बने थे। एसटी हसन को आजम की वजह से ही मुरादाबाद का टिकट मिला था। इसलिए चुनाव जीतने के बाद एसटी हसन ने आजम खां के स्वागत में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। ये कार्यक्रम मुरादाबाद के कटघर इलाके में स्थित मुस्लिम डिग्री कॉलेज में हुआ था। इस कार्यक्रम में एसटी हसन ने जयाप्रदा को नाचने वाली कहा था। इसके अलावा उनके लिए तवायफ जैसे भद्दे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा भी उन्होंने जयाप्रदा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इतना ही नहीं जब उनके इस बयान का वीडियो वायरल हुआ तो एसटी हसन ने इसके लिए माफी नहीं मांगी बल्कि अपनी बात को दोहराते हुए कहा था कि नाचने वाली को तवायफ न कहें तो और क्या कहें? इस मामले में जयाप्रदा के मीडिया एडवाइजर/पीए की और से मुरादाबाद के कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मुरादाबाद के तत्कालीन सांसद डॉ. एसटी हसन, आजम खां, आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम और उनके 6 अन्य समर्थक व पदाधिकारियों को नामजद किया गया था। इसी केस की सुनवाई मुरादाबाद की एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रही है। इसमें जयाप्रदा को अपनी गवाही देने के लिए कोर्ट में हाजिर होना था। लेकिन बार-बार बुलाने के बाद भी वो कोर्ट में नहीं आईं। जिसकी वजह से कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। इसी मामले में जयाप्रदा गुरुवार को कोर्ट में पेश हुईं और अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वारंट रिकॉल कराए।

संक्षिप्त समाचार

महिला सिपाही ने प्लेटफार्म पर कराया गर्भवती का प्रसव, डीजीपी ने की 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा

पति के साथ गरीबरथ में सफर कर रही थी बिहार निवासी सविता, प्रसव पीड़ा बढ़ने पर प्लेटफार्म पर कराई डिलीवरी

मुरादाबाद- बिहार निवासी गर्भवती सविता अपने पति के साथ ट्रेन संख्या-14202 गरीब रथ एक्सप्रेस से अमृतसर से बिहार की यात्रा कर रही थी। महिला को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। महिला की हालत देख जीआरपी थाने पर तैनात महिला कांस्टेबल बबिता दौड़ती हुई मौके पर पहुंचीं। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों और कुछ महिला यात्रियों की मदद से तुरंत महिला को पर्दा लगाकर कवर किया। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला कांस्टेबल बबिता ने प्लेटफार्म पर ही महिला की डिलीवरी कराई। इस दौरान महिला पुलिस कर्मी और महिला यात्री महिला के चारों ओर घेरा बनाकर खड़ी रहीं। उसे पर्दे से कवर किया गया था। महिला कांस्टेबल ने बड़ी सूझबूझ के साथ प्लेटफार्म पर ही डिलीवरी कराई। जिसके बाद जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। डिलीवरी के बाद एंबुलेंस की मदद से महिला और नवजात शिशु को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ जीआरपी अनिल कुमार ने बताया कि महिला का नाम सविता है। वह अपने पति के साथ गरीब रथ से सफर कर रही थी। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला को मुरादाबाद स्टेशन पर उतारा गया था। महिला कांस्टेबल बबिता ने स्टेशन पर उसकी डिलीवरी कराई। इस सराहनीय कार्य के लिए प्रदेश के डीजीपी ने महिला सिपाही बबिता को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा है। एक महिला ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर बेटे को जन्म दिया। महिला अपने पति के साथ गरीबरथ में सफर कर रही थी। चलती ट्रेन में प्रसव पीड़ा होने पर महिला को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर उतारा गया था। पति उसे लेकर अस्पताल जाना चाहता था। लेकिन, महिला की हालत ऐसी नहीं थी। जिसके बाद जीआरपी थाने में तैनात महिला सिपाही ने अन्य महिलाओं की मदद से महिला यात्री की डिलीवरी कराई। जिसके बाद महिला को बेटा पैदा हुआ। महिला व उसके नवजात शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं डीजीपी ने महिला सिपाही को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख के साथी पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

ललित कौशिक के साथी ने महिला को स्कूल में नौकरी दिलाए जाने का झांसा देकर किया था दुष्कर्म

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रहने वाले एक महिला ने पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक के साथी कमलवीर सिंह पर स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसे बहाने से अपने घर पर बुलाया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी महिला ने सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति दो बच्चों के साथ उसे छोड़कर जा चुका है। इसी दौरान उसकी मुलाकात सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की आशियाना कॉलोनी के प्रकाश एनक्लेव निवासी कमलवीर सिंह से हुई। उस समय कमलवीर ने उसे खुद को शिक्षक बताया था। महिला ने आरोप लगाया कि कमलवीर सिंह से उसने किसी काम पर लगाए जाने की बात कही थी।

जिस पर कमलवीर सिंह ने एक स्कूल में उसकी नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। महिला का आरोप है कि 15 अगस्त 2023 को कमलवीर ने उसे कॉल की और नौकरी की बात करने के लिए अगवानपुर पुल के पास बुला लिया। यहां से कमलवीर उसे कार में बैठाकर अपने घर ले गया। महिला का आरोप है कि उस वक्त कमलवीर के घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। कमलवीर ने उसे यह कहकर घर में ही बैठा लिया कि कुछ लोग आ रहे हैं। उनसे ही नौकरी की बात करनी है। महिला का कहना है कि कमलवीर ने उसे नशा मिली हुई कोल्ड ड्रिंक पिला दी। इसके बाद वह बेहोश हो गई। 16 अगस्त 2023 की सुबह वह होश में आई तो निर्वस्त्र थी। महिला का आरोप है कि कमलवीर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि दुष्कर्म का आरोपी कमलवीर सिंह जेल में बंद पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक का साथी है।

मौसम के बदले मिजाज से आलू की फसल में बीमारी का खतरा, जिला कृषि अधिकारी ने खेतों का किया निरीक्षण

किसानों को दी फसल को बीमारी से बचाव की जानकारी

मुरादाबाद- बढ़ती ठंड और घने कोहरे की वजह से आलू की फसल में बीमारी लगने का खतरा बना हुआ है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह ने देहात क्षेत्र में जाकर किसानों के खेत में निरिक्षण किया और किसानों को बीमारी से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ती ठंड में किसानों द्वारा बोई गई फसलों में फंफूदी जनित रोगों के लगने की सम्भावना बढ़ जाती है। साथ ही मौसम में उतार-चढ़ाव होने पर माहू, चिप्स आदि कीटों के लगने की सम्भावना हो जाती है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस वक्त बोई गई आलू की फसलों में निरन्तर देख-रेख करने की आवश्यकता है। बोई गई फसलों में आलू की फसलें इस समय सबसे अधिक रोगों व कीटों से प्रभावित होती है। आलू की फसल में लेट विलाइट नमक बीमारी लगने का खतरा है। आलू की फसल में इस समय अगेती व पिछेती झुलसा रोग के प्रकोप की सम्भावना सबसे अधिक होती है। अगेती झुलसा से पत्तियों पर कथई भूरे रंग के छोटे-छोटे चकदे बन जाते हैं। जो धीरे-धीरे बढ़ जाते हैं, जिससे पिछेती झुलसा में पत्तियों व तनों पर भूरे रंग के धब्बे और चकदे के ठीक निचली सतह पर काई जैसी फंगस जमा हो जाती है। उन्होंने बताया कि पिछेती झुलसा रोग आलू की फसल पर तेजी से बढ़ता है, जिसको तुरन्त नियंत्रित करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि अगेती व पिछेती झुलसा के नियंत्रण के लिए मैकोजेब 75 प्रतिशत इब्ल्यूच्ची की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा कार्वेण्डाजिम 12 प्रतिशत मैकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा जिनेय 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें। पिछेती झुलसा का प्रकोप होने पर मेटाएक्सिल 4 प्रतिशत मैकोजेब 64 प्रति. की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा सायमोक्सानिल 8 प्रतिशत मैकोजेब 64 प्रति की 3 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अभया एजेस्ट्रोबिन 18.2 प्रतिनात डिफेनोकोनाजोल 11.4 प्रतिशत एससी की 1 एमएस मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा कॉपर आयसीकलोराइड 50 प्रतिशत की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें। वहीं आलू के खेत में आग जला कर फसल पर धुंए की परत बना कर फसल को पाला से बचाया जा सकता है। अगती खेती में मंडी में आई आलू की फसल में स्वाद की कमी आ रही है। जिससे थोक विक्रेता का आलू बाजार में सधिक मात्रा में नहीं आ पा रहा है। थोक विक्रेताओं को आलू की फसल में इस बार काफी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

प्रेम शंकर शर्मा ने मुरादाबाद में रखी थी प्रखर राष्ट्रवादी राजनीति की नींव

चौथी पुण्यतिथि पर आज लोकतंत्र सेनानी पार्क में उनकी प्रतिमा का होगा अनावरण, पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे मुख्य अतिथि, लोकतंत्र सेनानियों का करेंगे

मुरादाबाद- लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय प्रेम शंकर शर्मा ने मुरादाबाद में प्रखर राष्ट्रवादी और तल्ख तेवर वाली राजनीति की नींव रखी थी। अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में अंग्रेजी प्राध्यापक के रूप में सेवाएं देते हुए प्रेम शंकर शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रभाव में जिले में राष्ट्रवादी विचारधारा की अलख जगाने वाले प्रेम का अनावरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल जनपद के रहने वाले लोकतंत्र सेनानी स्व. प्रेम शंकर शर्मा का शुरुआती शिक्षा के बाद उन्होंने उच्च शिक्षा चंदौसी के एसएम विवाह 1960 में रामबेटी देवी के साथ हुआ। प्रेम शंकर शर्मा मुरादाबाद आ गए और अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में अंग्रेजी लोकतंत्र सेनानी प्रेम शंकर शर्मा आरएसएस से प्रभावित होकर ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल घोषित किया तब क्रांतिकारियों ने अपने घर-परिवारों की परवाह किए बिना दिया। प्रेम शंकर शर्मा पर मीसा लगा दी गई। उन्होंने अलग-को सहा। लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का यह सत्याग्रह रंग लाया का दर्जा प्राप्त हुआ। प्रेम शंकर शर्मा का निधन 9 जनवरी

आ गए और 1975 में आपातकाल का विरोध करते हुए जेल गए। जेल से वापस आने के बाद शंकर शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर गुरुवार को अवंतिका कॉलोनी के पार्क में उनकी प्रतिमा कलराज मिश्र होंगे। इस दौरान लोकतंत्र सेनानियों का भी सम्मान होगा। मूलतः बदायूं जन्म 15 फरवरी सन 1942 को हुआ था। उनका व्यक्तित्व बड़ा क्रांतिकारी था। बदायूं से ही कॉलेज से प्राप्त की। तीन विषयों हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में उन्होंने एम.ए. किया। उनका ने प्रवक्ता पद पर सेवा की शुरुआत नजीबाबाद के जैन इंटर कॉलेज से की। इसके बाद वह प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं देना आरंभ की। इसके बाद वह यहीं के होकर रह गए। पूर्णकालिक स्वयंसेवक के रूप में जुड़ गए और विभिन्न पदों पर रहे। तत्कालीन केंद्र सरकार उन्होंने सरकार की नीतियों का कड़ा विरोध करते हुए सत्याग्रह किया। उनके साथ ही अनेक सरकार के विरोध में सत्याग्रह में शामिल हो गए। शासन ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में बंद कर अलग जेलों में 19 महीने का कड़ा कारावास व्यतीत करते हुए शासन द्वारा दी गई यातनाओं और सरकार को झुकना पड़ा। आपातकाल के ऐसे सत्याग्रहियों को बाद में लोकतंत्र सेनानियों 2021 को हुआ। पं. प्रेम शंकर शर्मा से राजनीति का ककहरा सीखने वाले आज विधायक और भाजपा के संगठन में बड़े पदों पर आसीन हैं। इनमें पूर्व विधायक स्वर्गीय संदीप अग्रवाल और भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अतुल दुबे भी शामिल हैं। लोकतंत्र सेनानी पं. प्रेम शंकर शर्मा के संघर्ष और सेवा की स्मृतियों को अमर करने के लिए नगर निगम द्वारा मुरादाबाद की कांठ रोड स्थित अवंतिका कॉलोनी में उनके नाम से पार्क का नामकरण किया है। इसी पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा का अनावरण चतुर्थ पुण्यतिथि पर गुरुवार को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा द्वारा किया जाएगा। लोकतंत्र सेनानी पं. प्रेम शंकर शर्मा स्मृति न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख कमल कांत राय करेंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

उत्तराखंड में इसी माह लागू होगा समान नागरिक संहिता कानून, विधेयक तैयार, बरेली में बोले सीएम धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिकता कानून का प्रावधान किया था। ताकि प्रदेश और देश ने समान नागरिक कानून संहिता लागू हो। इसका विधेयक उत्तराखंड में तैयार हो गया है और इसी माह यह लागू करने का प्रयास है।उत्तराखंड जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित उत्तरायणी मेले में शामिल हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लैंड जेहाद बड़ी समस्या थी इसपर अंकुश के लिए कानून के तहत जेहाद पर भी कार्रवाई की। क्योंकि दुनिया भर में जेहाद पर कार्रवाई का नियम बनाया। बाबा साहब ने प्रावधान किया था। ताकि प्रदेश और देश ने समान में तैयार हो गया है और इसी माह यह लागू करने का होकर यह संहिता देश भर में अपनी पहचान बनाएगा, बनाया, दंगाइयों से वसूलेंगे नुकसान का खर्चा-धर्मांतरण हो रहा था। लालच देकर। इस पर प्रभावी हल्द्वानी में दंगा भड़का था जिसे देखते हुए दंगा की जाएगी। सख्त नकल कानून नकल रोकने में देश के चलते गरीबों को नौकरी नहीं मिल पाती थी। नकल में संलिप्त थे उन्हें जेल भेजा, सौ नकल माफिया लोगों को नौकरी मिली। जबकि 19 वर्षों में सिर्फ लिए देवभूमि सर्वोत्तम, फिल्म शूटिंग स्थल के तौर ने कहा कि बीते वर्ष इन्वेस्टर्स मीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र

पांच हजार एकड़ जमीन कब्जामुक्त कराई। वहीं, थूक देवभूमि शुद्धता के लिए पहचानी जाती है। लिहाजा थूक संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिकता कानून का नागरिक कानून संहिता लागू हो। इसका विधेयक उत्तराखंड प्रयास है। देवभूमि से पवित्र नदियों की भांति प्रवाहित इसी उम्मीद है।धर्मांतरण रोधी कानून, दंगा नियंत्रण कानून मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में बड़ी तादाद में अंकुश लगाने के लिए धर्मांतरण रोधी कानून बनाया। नियंत्रण कानून बनाया। जो दोषी होगा उसी से पूरी वसूली के अन्य प्रदेशों के लिए उदाहरण है। क्योंकि नकलमाफिया हुनर, बौद्धिकता के बावजूद वे असफल रहते थे। जो भी पर कार्रवाई की। नतीजा रहा कि तीन साल में 19 हजार 14 हजार लोगों को नौकरी मिली डेस्टिनेशन वेडिंग के पर कर रहे विकास, बना रहे टूरिज्म हब- मुख्यमंत्री धामी मोदी आए थे और उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग के तौर पर उत्तराखंड आने की अपील लोगों से की थी। लिहाजा इसके विकास का खाका खींचा जा रहा है। इसके अलावा फिल्म शूटिंग के तौर पर भी क्षेत्र का विकास चल रहा है। प्रदेश में होम स्टे योजना, लखपति दीदी योजना, स्वरोजगार योजना अन्य योजना लागू की है। ताकि बेरोजगारी से निजात मिल सके। कहा कि महिलाएं ऐसे उत्पाद बना रही हैं, जो इंटरनेशनल लेबल के हैं। खिलौने, प्रसाद, कपड़े आदि तैयार कर रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालय के तौर पर प्रसिद्ध कर रहे हैं। हरिद्वार से ऋषिकेश तक बनेगा गंगा कॉरिडोर, ताकि देवभूमि में उमड़ सके भक्ति का सैलाब-सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण का यज्ञ शुरू हुआ है। चौतरफा विकास हो रहा है। चाहे काशी कॉरिडोर हो या उज्जैन में। महाकाल लोक या फिर अयोध्या में मंदिर का निर्माण हो। यह आधार है सांस्कृतिक विरासत का। हमारी सरकार उत्तराखंड में विरासत को सहेजने का प्रयास कर रही हैं। जहां एक ओर बाबा केदारनाथ के धाम का निर्माण हो रहा है तो दूसरी ओर हाल में हुए उपचुनाव में बड़ी विजय मिली। उत्तराखंड के बैजनाथ धाम में करोड़ों की लागत से मास्टरप्लान पर कार्य हो रहा है। मानस खण्ड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं क्षेत्र के जितने भी पौराणिक मंदिर हैं, उनके सुंदरीकरण, पुनर्निर्माण का कार्य हो रहा है। प्रतिवर्ष चार करोड़ लोग उत्तराखंड कांवड़ लेने या लेकर जाते हैं। 25 वर्षों में संख्या तेजी से बढ़ेगी। गंगा कॉरिडोर हरिद्वार से ऋषिकेश तक बनाने का निर्णय लिया है। ताकि धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़े। मां पूर्णागिरी दर्शन के लिए सर्वाधिक भक्त पहुंचते हैं। उत्तरायणी मकर संक्रांति की शुभकामना दी, फिर साझा किए मेले से जुड़े विचार-उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में भी आने कि कोशिश की थी। बचपन में भी यहां आता था। पिछली बार छत्रपाल के चुनाव में आया था। पदाधिकारियों ने अनुरोध किया था तब खुद से वादा किया था कि आना है और बरेली आकर ऐसा लग रहा है कि जैसे उत्तराखंड में ही हूं। मेले सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। पूर्व में मेले ही एक दूसरे से मुलाकात का जरिया बनते थे। तब संचार की व्यवस्था नहीं थी। दुख-सुख साझा करते थे। मेले में लोक कला और प्रतिभा को भी मंच मिलता है। नई पीढ़ी भी जुड़ती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योगों को भी लोकल से ग्लोबल होने का मौका मिलता है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न
लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करे अधिकारी-डीएम

